# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–23 जुलाई 2025 सान्ध्य समाचार

श्री जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद निर्वाचन आयोग ने उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**गृह मंत्रालय द्वारा कल श्री धनखड़ के इस्तीफे की अधिसूचना के बाद यह प्रक्रिया शुरू हुई। सोमवार को श्री जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों से पद से इस्तीफा दे दिया था। प्रारंभिक गतिविधियाँ पूरी होने के बाद आयोग उपराष्ट्रपति पद के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करेगा। निर्वाचन आयोग के अनुसार अनुच्छेद–324 के तहत आयोग को उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कराने का अधिकार है। उपराष्ट्रपति पद का चुनाव राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनाव अधिनियम, 1952 और राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनाव नियम, 1974 के नियमों द्वारा कराया जाता है। समाचार कक्ष से विवेक सिंह।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने गोरखपुर नगर निगम में अर्बन फ्लड अर्ली मॉनिटरिंग सिस्टम के लोकार्पण सहित दो सौ पचास करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने स्वच्छ सर्वेक्षण में पूरे प्रदेश का मान बढ़ाने वाले गोरखपुर नगर निगम के सफाई मित्रों और पार्षदों को भी सम्मानित किया।

**********

उप मुख्यमंत्री और प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री बृजेश पाठक ने आज अपने गोरखपुर दौरे के दौरान सर्किट हाउस में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को नियमित भ्रमण कर स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और गोरखपुर जिले को मॉडल जिले के तौर पर विकसित करने के निर्देश दिए।

**********

गोरखपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय और इससे सम्बद्ध महाविद्यालयों में पढ़ने वाले युवाओं को कैंसर सहित सात अलग अलग स्वास्थ्य मुद्दों पर जागरूक किया जाएगा। इन नौजवानों को साइबर सुरक्षा के बारे में भी खासतौर से जानकारी दी जाएगी। इसके लिए एम्स गोरखपुर, स्वास्थ्य विभाग, गोरखपुर विश्वविद्यालय और हनुमान प्रसाद पोद्दार कैंसर अस्पताल एवं शोध संस्थान ने संयुक्त तौर पर पहल की है। गोरखपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश झा ने बताया कि युवाओं को कैंसर जागरूकता, मासिक धर्म स्वच्छता, एनीमिया मुक्त भारत, तम्बाकू की रोकथाम, स्वस्थ जीवनशैली, टेलीमानस एवं मानसिक स्वास्थ्य, स्वस्थ आहार और साइबर सुरक्षा जैसे मुद्दों पर जागरूक किया जाएगा।

**********

आज राष्ट्रीय प्रसारण दिवस है। वर्ष उन्नीस सौ सत्ताईस में आज ही के दिन देश में पहला रेडियो प्रसारण इंडियन ब्रॉडकास्टिंग कंपनी के बॉम्बे स्टेशन से शुरू हुआ था। वर्ष उन्नीस सौ छप्पन में प्रसारक का नाम आकाशवाणी हो गया। आज का दिन भारत के विकास, शैक्षिक प्रसार और सांस्कृतिक संरक्षण में प्रसारण की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। इस अवसर पर प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने कहा कि आकाशवाणी वर्षों से शिक्षा, सूचना और मनोरंजन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

**आकाशवाणी के नब्बे वर्ष की ये यात्रा किसी वट वृक्ष के तरह रही है। जिसकी जड़ें इतिहास में है और शाखा हमारे सपनो की भांति विस्तार पा रही है। नब्बे वर्ष में आकाशवाणी हममे जो कुछ रचा है वह एक प्रसारण नही है बल्कि एक संस्कृति की तरह है लगभग तेईस भाषाओं में और एक सौ बयासी बोलियों में प्रसारित करता है।**

प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी ने कहा कि 90 वर्ष पुरानी राष्ट्रीय धरोहर के रूप में आकाशवाणी आज भी मजबूती से आगे बढ़ रहा है। वहीं, आकाशवाणी की महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने कहा कि भारतीय प्रसारण की यात्रा परिवर्तनकारी और राष्ट्र निर्माणकारी रही है।

**********

सावन के शिवरात्रि के अवसर पर आज वाराणसी के श्री काशी विश्वनाथ धाम और प्रभु राम की नगरी अयोध्या सहित प्रदेश भर के शिव मंदिरों में आस्था का जनसैलाब उमड़ रहा है। सुबह मंगला आरती के बाद मंदिर का पट खुलते ही शुरू हुआ दर्शन पूजन का सिलसिला जारी है। वाराणसी में बाबा विश्वनाथ धाम, कैथी स्थित मारकंडेय महादेव मंदिर, महामृत्युंजय मंदिर और केदारेश्वर मंदिर सहित विभिन्न शिवालयों में भक्त सुबह से ही जलाभिषेक कर रहे हैं। उधर, प्रदेश सरकार के निर्देश पर सावन माह के शिवरात्रि पर श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के स्वर्ण शिखर के साथ शिवभक्तों और कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई। इसी क्रम में रामनगरी अयोध्या में भी आज सुबह श्रद्धालुओं ने सरयू में स्नान कर प्राचीन नागेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक किया। इस दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर के प्राचीन मानसरोवर मंदिर में रुद्राभिषेक कर भगवान भोलेनाथ से प्रदेश वासियों के सुख–समृद्धि की प्रार्थना की। इससे पहले मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर, मानसरोवर मंदिर, बाबा मुक्तेश्वर नाथ मंदिर और महादेव झारखंडी शिव मंदिरों पर आए श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की।

**********